दिनांक–14.10.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री सूरत में कैच द रैन कार्यक्रम में हुए शामिल, कहा– प्रदेश प्रमुख नदियों का है मायका।
- फिल्म निर्माता निर्देशक राजकुमार हिरानी को राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान से किया गया सम्मानित।
- इंदौर को आज कई फ्लाई ओवर्स की सौगात, मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन।
- मॉनसून की विदाई के बाद भी प्रदेश में बारिश का दौर। अगले तीन दिन हल्की बारिश की संभावना।

नदियों का मायका

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश की प्रमुख नदियों का मध्यप्रदेश मायका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत चल रहे "कैच द रेन "अभियान के तहत गुजरात के सूरत में "जल संचय– जन भागीदारी– जन आंदोलन" कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश दो नदी जोड़ो परियोजनाओं को क्रियान्वित करने वाला देश पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि जल संचय– जन भागीदारी कार्यक्रम के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश कदम से कदम मिलाकर चलने को तत्पर है।

बाईट– मुख्यमंत्री

जल संरक्षण और जल संग्रहण को बढ़ावा देने की सकारात्मक पहल के तहत सूरत में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सहित अन्य वरिष्ठ जन–प्रतिनिधि उपस्थित थे।

किशोर कुमार सम्मान

मशहूर गायक और कलाकार किशोर कुमार की 37 वीं पुण्यतिथि पर कल खण्डवा में फिल्म निर्माता निर्देशक और पटकथा लेखक राजकुमार हिरानी को राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान प्रदान किया गया। खंडवा किशोर कुमार की जन्मस्थली है। राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह ने यह राष्ट्रीय सम्मान दिया। प्रदेश सरकार के संस्कृति संचालनालय की ओर से 1997 से हर साल प्रतिष्ठित कलाकार, पटकथा लेखक, निर्माता निर्देशक को यह सम्मान दिया जाता है। अब तक बॉलीवुड के कई मशहूर कलाकार, लेखक ,निर्माता निर्देशकों को यह पुरस्कार मिल चुका है। इससे पहले श्री हिरानी ने किशोर कुमार की समाधि जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

भाजपा–नियुक्ति

भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को हरियाणा भाजपा विधायक दल की बैठक के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। दोनों नेता राज्य के मुख्यमंत्री चयन के लिए होनो वाली बैठक में शामिल होंगे। पार्टी ने जम्मू–कश्मीर भाजपा विधायक दल की बैठक के लिए केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

पर्यटन ग्राम–लाड़पुरा खास, निवाड़ी–अच्छी खबर

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर मध्य प्रदेश के तीन पर्यटन ग्रामों को सम्मानित किया है जिसमें निवाड़ी जिले की ओरछा का ग्राम लाडपुरा खास भी शामिल है।

इंदौर फ्लाय ओव्हर्स

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज इंदौर को फ्लाय ओव्हर्स की सौगात देंगे। वे भंवरकुंआ तथा फूटी कोठी फ्लाय ओव्हर का लोकार्पण करेंगे। साथ ही वे खजराना और लवकुश चौराहे के फ्लाय ओव्हर्स की एक–एक भुजाओं का भी उद्घाटन करेंगे। संभागायुक्त और इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि भंवरकुंआ में 625 मीटर लंबे और 24 मीटर चौड़ाई के 6 लेन फ्लाय ओव्हर का निर्माण 55.77 करोड़ रूपये की लागत से किया गया है। इसी तरह फूटी कोठी का फ्लाय ओव्हर 610 मीटर लंबा है। इसके निर्माण पर 57.70 करोड़ रूपये लागत आयी है।

"नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला

"नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 2024" भोपाल, ग्वालियर और सागर संभाग के युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा। यह मेला आज शासकीय आईटीआई में आयोजित किया जाएगा, जहाँ युवा अपनी प्रतिभा को निखारने और विभिन्न उद्योगों से जुड़ने का अवसर पाएंगे। मेले का आयोजन भोपाल, विदिशा, सीहोर, मंडीदीप, राजगढ़, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, दतिया, भिण्ड, मुरैना, श्योपुर, सागर, दमोह, छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, और निवाड़ी जिलों में किया जाएगा। यह एक ऐसा मंच होगा जहाँ उम्मीदवार न केवल खुद का पंजीयन करायेंगे, बल्कि नियोक्ताओं के साथ जुड़कर रोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकेंगे।

वाल्मीकि धाम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम में महर्षि वाल्मीकि जयंती पखवाड़े का शुभारंभ किया। 17 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा एवं महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर एक पखवाड़े तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज, भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे समाज में राम राज्य की संपूर्ण भावना महर्षि वाल्मीकि ने प्रस्तुत की है। उन्होंने राम राज्य को परिभाषित किया और भारतीय संस्कृति और सभ्यता के पूरे रोम–रोम और वायुमंडल तक महर्षि वाल्मीकि ने भगवान श्रीराम को पहुंचाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी ओर से सभी को महर्षि वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दीं।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश जिलों में मानसून की विदाई हो चुकी है, लेकिन अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से लगातार आ रही नमी से कई शहरों में गरज–चमक के साथ बारिश का दौर जारी है। कल भोपाल, उज्जैन समेत 12 जिलों में जमकर बारिश हुई। शाजापुर में सबसे ज्यादा पांच इंच बारिश दर्ज की गई। वहां बाढ़ जैसे हालात बन गए। उज्जैन में शिप्रा का जलस्तर बढ़ गया। बैतूल में तेज बारिश के बीच ढाई साल का मासूम के नाले में बह जाने के समाचार है। मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक, प्रदेश के 50 से जिलों से मानसून विदा हो चुका है, लेकिन दो सिस्टम की एक्टिविटी की वजह से बारिश हो रही हैं। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन तक प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश और गरज–चमक का अनुमान जताया है। आज भी भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन संभाग के जिलों में मध्यम वर्षा हो सकती है।

महिला टी20 विश्व कप क्रिकेट

महिला ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में कल रात शारजाह में खेले गए ग्रुप–ए के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को नौ रन से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 151 रन बनाए। जबाव में भारत नौ विकेट खोकर 142 रन ही बना सका। अब भारत के सेमीफाइनल की दौड में बने रहने की उम्मीद न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले पर टिकी हुई है। अगर पाकिस्तान जीतता है तो भारत सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। यह मैच आज शाम साढे सात बजे होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी जिले में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस से विभिन्न स्थानों पर चल रहे मानसिक स्वास्थ्य शिविर के क्रम में आज कोलारस में शिविर लगाया जाएगा। जिसमें मनोरोग विशेषज्ञ द्वारा मरीजों को उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा।

- जबलपुर रेलवे मंडल में 500 किमी लंबे रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के लिए फेंसिंग लगाई जा रहीं है। अप–डाउन मिलाकर करीब एक हजार किमी लंबी फेंसिंग लगाई जानी है, जिसके लिए जबलपुर रेल मंडल के इंजीनियरिंग विभाग ने काम शुरू कर दिया है।
- भोपाल में मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में कठपुतली कला की विविध शैलियों पर एकाग्र पुतुल समारोह का आयोजन कल से शुरु हुआ। 16 अक्टूबर तक होने वाले आयोजन में विभिन्न राज्यों के कठपुतली कला का प्रदर्शन किया जाएगा।
- सतना के महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का 12 वा दीक्षांत समारोह 16 अक्टूबर को होगा। इसमें राज्यपाल मंगु भाई पटेल अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश के मंत्री इंदर सिंह परमार इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

...................................